**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**24 जुलाई 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :**

**1.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में 68 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पुलिस विभाग में शीघ्र नयी भर्ती करने की घोषणा की

3. मुख्यमंत्री ने आज चरखी दादरी के झोझूकलां गाँव में अमर शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण किया।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 26 व 27 जुलाई को सामान्य पात्रता परीक्षा के दौरान आम लोगो से बिना वजह घरों से न निकलने की अपील की

5. हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने सीइटी परीक्षा के मद्देनज़र 26 और 27 जुलाई को स्कूलों और कालेजों में छुटी की घोषणा की

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में 68 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन किया। चरखी दादरी के बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन तारों को हटवाया जाएगा और इसके लिए 3 करोड़ रुपये की राशि बिजली विभाग को दी जाएगी। इसके अलावा, बाढड़ा में भूमि उपलब्धक होने पर नई अनाज मंडी स्थापित करने, गावं हड़ौदा में संभावना का पता लगा कर सब्जी मंडी का निर्माण करवाने तथा गांव झोंझूकलां को महाग्राम योजना में शामिल करने की घोषणा भी की। इस मौके पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह भी मौजूद रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाढड़ा विधानसभा में कुछ गांवों की चकबंदी बकाया है, उन गांवों की चकबंदी का कार्य पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि बाढ़डा को बिजली विभाग की डिविजन का दर्जा दिया जाएगा और 3 करोड़ रुपये की लागत से बिजली कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग के बाढड़ा उपमंडल को मण्डल का दर्जा दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कलियाना से दादरी सड़क को चारमार्गीय करने की घोषणा की । इसके अलावा संभावना का पता लगा कर बाढड़ा में फायर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महराणा एवं ढाणी फौगाट में सरकारी स्कूलों को बारहवीं तक अपग्रेड करने के संबंध में विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संभव हुआ तो कारी-रूपा में आईटीआई खोली जाएगी।

श्री नायब सिंह सैनी ने सड़क तंत्र को सुदृढ़ करने की घोषणा भी की।

इसके अलावा, उन्होंने बाढ़डा विधानसभा में गांवों के कच्चे रास्तों का निर्माण करने के लिए 5 करोड़ रुपये तथा इस विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते हुए लाडो लक्ष्मी योजना लाई है। शीघ्र ही सरकार महिलाओं को 2100 रुपये देने का काम करेगी।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज जिला चरखी दादरी के बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में अमर शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक गौरवशाली और अत्यंत भावुक कर देने वाला दिन है। हरियाणा की इस वीर भूमि पर हम एक ऐसे महान सपूत को याद कर रहे हैं, जिसने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सामान्य पात्रता परीक्षा -सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को आवाजाही की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। वे आज जिला चरखी दादरी के बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र के झोझू कलां में लोगों को संबोधित कर रहे थे।
मुख्यमंत्री ने लोगों से परीक्षा वाले दिन घरों से बिना काम न निकलने की अपील की ।

यह परीक्षा 26 व 27 जुलाई को ली जाएगी।

*******************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने आज जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय के 12 स्थापना दिवस में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।
इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति का प्रमाण वहां पर रखी गई स्वच्छता है ।

अवसर पर उन्होने बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया । कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीईटी की परीक्षा के दौरान 26 और 27 जुलाई को सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी रहेगी ।

***************************************************************

हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर ने आज कुरुक्षेत्र में कष्ट निवारण समिति की 17 में से 12 शिकायतों का समाधान किया।

उन्होंने बताया -

राज्यमंत्री ने न्यू मिर्जापुर कालोनी निवासी अनिल कुमार को अपनी ग्रांट से 67 हजार रुपए की राशि देकर उचित न्याय दिया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव सिरसला निवासी शारदा रानी की फरियाद को फिर से सुना । तमाम पक्षों को जानने के बाद राज्यमंत्री ने आदेश दिए कि शारदा रानी को 3 एकड़ जमीन पर कब्जा दिलवाया जाए या फिर सारी 15 एकड़ जमीन को खाली करवाया जाए।

****************************************************************

आज सावन माह की अमावस्या पर कुरुक्षेत्र में श्रद्धालुयों ने विश्व विख्यात ब्रह्म सरोवर पर पहुंचकर स्नान किया व पूजा अर्चना की । तीर्थ पुरोहित पंडित राकेश गोस्वामी ने बताया

**********************************************************************

पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त डीआईजी इंद्रजीत सिंह सिद्धू 87 वर्ष की आयु में चंडीगढ़ में अपनी सोसायटी की सफाई की निस्वार्थ सेवा में लगे हैं। श्री इंद्रजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि उन्हने साफ-सुथरी जगह पसंद है, इसलिए वह सफाई करने की कोशिश करते हैं। पहले वह एक बड़े लिफ़ाफ़े में कचरा इकठ्ठा करते है फिर उन्होंने कचरा बढ़ता देख ठेला लिया। उनका कहना है कि कचरा बढ़ रहा था लेकिन उठाया नहीं जा रहा था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में साफ सफाई होगी तो अच्छा रहेगा, स्वच्छता ही सेवा को अपना धर्म मानने वाले श्री सिद्धू ने कहा -

उन्होंने कहा कि शहरी स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में स्वच्छता की प्रतियोगिता में चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर है, चंडीगढ़ प्रथम स्थान पर हो इस लिए सबको स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। चंडीगढ़ अपनी स्वच्छता और सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।

*******************************************************************